अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के 01 सदस्य को 18 किलो 600 ग्राम नाजायज डोडा (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत करीब 4 लाख रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया

शासन द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी व क्रय/विक्रय की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डा0 ओ0पी0 सिहं के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अजय प्रताप के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिसौली श्री सुनील कुमार के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज व वजीरगंज पुलिस द्वारा दिनांक 12.09.2023 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर सैदपुर अमरोली रोड पर बाग के पास से डोडा छिलका की सप्लाई ढाबो, ट्रक चालको आदि को देने जा रहे एक व्यक्ति चिरौंजी पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम गोकलपुर थाना विसारतगंज जनपद बरेली को पकडा। जिसके कब्जे से 2 बडे-बडे बैग में कुल 18 किलो 600 ग्राम डोडा नाजायज बरामद हुआ। पकडे गये अभियुक्त के पास से बरामद डोडा की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे करीब 4 लाख रूपये है। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 443/2023 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ विवरण अभियुक्त चिरौंजी उपरोक्त ने पूछताछ मे बताया कि मै बरेली से डोडा लाकर बदायूँ चन्दौसी ट्रक चालको व ढाबो पर बेचते हुये दिल्ली तक बेचता हुया जाता हूँ, आज भी मै यह डोडा बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा था । उससे पहले ही आप लोगो ने पकड लिया ।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1.प्रभारी निरीक्षक श्री धनंन्जय कुमार पाण्डेय थाना वजीरगंज जिला बदायूँ

2.उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना वजीरगंज जिला बदायूँ

3.हे0का0 347 राजेन्द्र सिंह थाना वजीरगंज जिला बदायूँ

4. का0 1368 अंकित कुमार थाना वजीरगंज जिला बदायूँ

5 . का0 1590 नितिन कुमार थाना वजीरगंज जिला बदायूँ

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूँ।